RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 4 | मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 146

कचरा गाड़ियों का शोर 25% घटाना होगा

हाईकोर्ट ने 3 सप्ताह में मांगी पालन रिपोर्ट

इंदौर, मध्य प्रदेश



इंदौर, मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने नगर निगम, पुलिस और राज्य सरकार को **ध्वनि प्रदूषण पर** ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि **कचरा संग्रहण** करने वाली गाड़ियों के लाउडस्पीकर से होने वाले शोर को निर्धारित सीमा तक या वर्तमान स्तर से कम से कम 25% घटाया जाए। गाड़ियों निवासियों को सूचना देने के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग कर सकती हैं, लेकिन बहुत तेज आवाज में संगीत बजाना उचित नहीं है।

हाईकोर्ट के प्रमुख निर्देश

1. कचरा गाड़ियों के लाउडस्पीकर का शोर निर्धारित सीमा तक या कम से कम 25% घटाया जाए।
2. हर **पुलिस थाने में ध्वनि मापक यंत्र** (साउंड मीटर) उपलब्ध कराया जाए।
3. हर थाने के संपर्क नंबर सार्वजनिक किए जाएं, ताकि नागरिक शिकायत दर्ज करा सकें।
4. हर **वार्ड में 2 स्वयंसेवक** ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों की जानकारी देंगे और जरूरत पड़ने पर वीडियो रिकॉर्ड कर सकेंगे।
5. शहर में **'साइलेंस जोन'** की सूची समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाए और इस पर आमजनों से सुझाव मांगे जाएं।



हर थाने में ध्वनि मापक यंत्र



हर वार्ड में 2 स्वयंसेवक



साइलेंस जोन की सूची प्रकाशित करें

मामले की पृष्ठभूमि

- यह आदेश 26 अक्टूबर को अमिताभ उपाध्याय और एक अन्य की याचिका पर दिया गया।
- इसे न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर और न्यायमूर्ति जय कुमार पिल्लई की दिव्यासीय पीठ ने जारी किया।
- नगर निगम, पुलिस और राज्य सरकार को 3 सप्ताह में पालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है।
- अगली सुनवाई 23 नवंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी।

क्यों जरूरी है यह कदम?



कचरा गाड़ियों निवासियों को कचरा संग्रहण की सूचना देने के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग कर सकती हैं, लेकिन बहुत तेज आवाज में संगीत बजाना उचित नहीं है। इसलिए शोर को निर्धारित सीमा तक या कम से कम 25% घटाना होगा।

25% शोर में कमी | dB हर थाने में ध्वनि मापक यंत्र | हर वार्ड में 2 स्वयंसेवक | 3 सप्ताह में रिपोर्ट

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 4 | मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 146

इंदौर-दाहोद रेल लाइन की टनल में दौड़ी टॉवर वेगन

टीही से पीथमपुर तक ट्रैक लिंकिंग पूरी, 2.95 किमी टनल का काम अंतिम चरण में

इंदौर, मध्य प्रदेश |इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना के तहत टीही के पास बन रही 2,957 मीटर लंबी टनल में सोमवार को टॉवर वेगन चलाकर निरीक्षण किया गया। टनल के दोनों छोर पर रेलवे ट्रैक की लिंकिंग पूरी होने के बाद वेगन को टीही की ओर स्थित पी-1 छोर से पीथमपुर की ओर पी-2 छोर तक चलाया गया। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के मुताबिक, टनल के भीतर बैलास्टलेस ट्रैक का निर्माण पूरा हो चुका है। विद्युतीकरण और सिग्नलिंग से जुड़े कार्य भी अंतिम चरण में हैं। मुख्य इंजीनियर निर्माण धीरज ।



कुमार के निर्देशन में हुए निरीक्षण के दौरान उप मुख्य इंजीनियर निर्माण अंकुर सिंह सहित निर्माण और विद्युतीकरण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे टीही से धार तक करीब 47 किलोमीटर लंबे रेलखंड का निर्माण अंतिम चरण में है। टनल में ट्रैक लिंकिंग पूरी होने से परियोजना के शेष तकनीकी कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। हालांकि, इस रेलखंड पर ट्रेन संचालन शुरू होने की तारीख की जानकारी नहीं दी गई है।

इंदौर में जहरीला पदार्थ जलाने से हड़कंप

आदर्श इंदिरा नगर में धुएं से रहवासियों को सांस लेने में परेशानी, निगम और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे

इंदौर, मध्य प्रदेश | इंदौर के जोन-2, वार्ड 70 स्थित आदर्श इंदिरा नगर में देर रात चार खंभा के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा जहरीला पदार्थ जलाए जाने की सूचना सामने आई। इससे आसपास के रहवासियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी, जिसके बाद इलाके में चिंता का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर नगर निगम और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। फिलहाल, जलाए



गए पदार्थ की पहचान और घटना के कारणों की पुष्टि नहीं हुई है।

सवाल: रिहायशी इलाकों में इस तरह की घटनाओं को रोकने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार विभाग क्या कदम उठाएंगे?

भोपाल में रिटायर्ड IAS की हत्या, केयरटेकर अब भी फरार

500 से ज्यादा CCTV फुटेज खंगाले, 5 सदस्यीय SIT गठित; आरोपी की तलाश जारी

भोपाल, मध्य प्रदेश | भोपाल के रातीबड़ क्षेत्र के सूरज नगर में रिटायर्ड IAS अधिकारी राकेश अग्रवाल की हत्या के मामले में मुख्य संदिग्ध केयरटेकर वरुण कुमार अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। 30 सितंबर 2026 को हुई इस घटना के बाद पुलिस ने कई राज्यों में उसकी तलाश शुरू की। जांच में 500 से अधिक CCTV कैमरों के फुटेज खंगाले गए और अलग-अलग पुलिस टीमें तैनात की गईं। पुलिस के मुताबिक,



वारदात के बाद संदिग्ध भोपाल से निकलकर बीना और आगरा की ओर गया था। आगरा में उसका मोबाइल एक परिचित के पास मिलने की जानकारी सामने आई, लेकिन वहां पहुंचने के बाद भी पुलिस उसे पकड़ नहीं सकी। शुरुआती जांच में सामने आया कि वह घटना के बाद बैग और झोला लेकर घर से निकला था और रेलवे स्टेशन तक पहुंचा था।

जांच में नया अपडेट: 21 दिन बाद भी संदिग्ध के नहीं पकड़े जाने पर भोपाल पुलिस ने मामले की जांच के लिए 5 सदस्यीय विशेष जांच दल (SIT) गठित किया है। पुलिस उसकी तलाश और मामले से जुड़े सबूतों की जांच जारी रखे हुए है।

इंदौर हाईकोर्ट में जल्द नियुक्त होंगे 2 नए जज

बार एसोसिएशन को जगह देने पर भी विचार, जजों की कमी से सुनवाई में देरी का मुद्दा उठा

इंदौर,मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में जल्द 2 नए जजों की नियुक्ति का आश्वासन दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश अल्पेश यशवंत कोगजे ने इंदौर प्रवास के दौरान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को यह भरोसा दिलाया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष यादव और कार्यकारिणी सदस्यों ने मुख्य न्यायाधीश के सामने जजों की कमी के कारण मामलों की सुनवाई में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। संघ ने लंबित मामलों के जल्द निराकरण के



लिए 3 नए जजों की नियुक्ति की मांग की। इसके अलावा, हाईकोर्ट परिसर में बार एसोसिएशन के लिए उपयुक्त जगह उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। मुख्य न्यायाधीश ने इस पर विचार करने और जल्द जगह उपलब्ध कराने की बात कही।

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 4 | मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 146

मध्य प्रदेश से मेट्रो शहरों में ड्रग्स की सप्लाई, बस-ट्रेन का इस्तेमाल

6 महीने में 31 कार्रवाई, 44 आरोपी गिरफ्तार; जब्त ड्रग्स की कीमत करीब 67 करोड़ रुपये



इंदौर, मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेश से बेंगलुरु, पुणे और मुंबई जैसे बड़े शहरों में ड्रग्स की तस्करी के मामले सामने आए हैं। तस्कर कथित तौर पर बस और ट्रेन के जरिए गांजा, एम्फेटामिन और अन्य नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहे थे। जांच में इंदौर और भोपाल में भी ड्रग्स की आवाजाही से जुड़े मामले सामने आए। पिछले 6 महीनों में 31 कार्रवाइयों के दौरान 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन मामलों में करीब 10 विदेशियों की गिरफ्तारी का भी उल्लेख है। जब्त नशीले पदार्थों की कुल मात्रा लगभग 2,250 किलोग्राम और अनुमानित कीमत करीब 67 करोड़ रुपये बताई गई है।

कार्रवाइयों में गांजा, एम्फेटामिन और मेथामफेटामिन जैसे नशीले पदार्थ जब्त किए गए। जांच एजेंसियों के मुताबिक, कुछ मामलों में ड्रग्स की खेप बसों और ट्रेनों से पहुंचाई जा रही थी, जबकि कुछ मामलों में निजी वाहनों का भी इस्तेमाल हुआ।



कानपुर में टैंक में गिरने से 3 साल के निहाल की मौत

डेढ़ घंटे तक तलाशते रहे परिजन, वाहन धुलाई सेंटर के टैंक में मिला मासूम





कानपुर,उत्तरप्रदेश| कानपुर के सनिगवां स्थित बंबा इलाके में सोमवार शाम दर्दनाक हादसे में 3 साल के निहाल की जान चली गई। घर के पास खेलते समय वह वाहन धुलाई सेंटर के करीब 5 फीट गहरे टैंक में गिर गया। परिजन करीब डेढ़ घंटे तक उसकी तलाश करते रहे। जानकारी के मुताबिक, निहाल घर से लगभग 30 मीटर दूर दूसरे बच्चों के साथ खेल रहा था। शाम करीब 5:30 बजे मोहल्ले के बच्चों ने परिजनों को उसके टैंक में गिरने की जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने बच्चे को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसीपी चकेरी आशुतोष कुमार के मुताबिक, परिजनों की ओर से अब तक कोई प्रार्थनापत्र नहीं दिया गया है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे ने रिहायशी इलाकों में खुले टैंकों और गड्ढों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। हालांकि, सुरक्षा में लापरवाही की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

तमिलनाडु की जेल से 17 कैदी फरार, 4 गिरफ्तार

दौरे पड़ने का नाटक कर गार्ड पर किया हमला, फरार कैदियों की तलाश में 17 टीमें तैनात



थेनी, तमिलनाडु | तमिलनाडु के थेनी जिले की थेक्कमपट्टी जेल से 17 कैदियों के फरार होने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक, कुछ कैदियों ने दौरे पड़ने का नाटक किया। जेलकर्मी मदद के लिए पास पहुंचे तो उन पर हमला कर कैदी फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, अब तक 4 फरार कैदियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष कैदियों की तलाश के लिए 17 विशेष टीमें बनाई गई हैं। पुलिस ने पड़ोसी डिंडीगुल जिले में 16 स्थानों पर चेकपोस्ट बनाकर वाहनों की जांच शुरू की है। आशंका है कि कुछ कैदी अपने गृह नगर लौटने की कोशिश कर सकते हैं। मामले में कंदमनूर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 4 | मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 146



La SAGESSE
SEAT OF WISDOM

MAIN CAMPUS

School Facilities

- Smart Class
- Robotics Lab
- Science Labs
- Computer Lab
- Squash Court
- Basketball
- Football
- Skating
- Swimming
- Library
- Rifle Shooting
- Pickle Ball
- Volleyball
- Cricket
- Lawn Tennis
- Indore Badminton Arena

About School

An institution that balances strong academic achievements with overall holistic development of students.

CONTACT US

Ph- 9201959432
9752411052
lasagesse.in

La Sagesse Group of Schools

Our Branches :-



Add.: H-14, Nalanda Parisar, Kesarbag Road, Indore Mo.: 7049299228



Address: 50, Rajaswa Gram Colony, Chhatribag, INDORE Mo.: 9589261662

Panda Road, Near Hotel Red Maple Mashal, A.B. Road, RAU

Senior Luxury Living

SBS
Assisted Living
Senior Citizen Care, Redefined





Panda Road, Near La Sagesse Academy,
Rau, Indore MP 453331
Phone: 9340380647, 8817137388
Email: sbsseniorspride@gmail.com
website: www.sbsseniorspride.com

स्वामी सीटच संगर के लिए प्रकाशक/मुद्रक देवेन्द्र सिंह संगर द्वारा कॉम्पेक्ट प्रिन्टर्स प्रा. लि. 3/54, प्रेस कॉम्प्लेक्स ए.बी. रोड, इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं ला साजेस कैम्पस, चाण्डा रोड, होटल मशाल के पास राऊ, जिला इंदौर (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक : स्वामीय संगर। मोबाईल : 9244198932 आरएनआई नंबर : MPHIN/2023/88328 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)